मूल्यः एक रूपया


कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com

www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–15, अंक–02, फरवरी 2015


**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**



## मेक इन इंडिया अभियान के लिये प्रतिबद्ध कामधेनु

हर बड़ी शुरूआत एक सपने से होती है। करीब दो दशक पहले एक छोटी सी टीएमटी निर्माता कंपनी के रूप में शुरू हुई कामधेनु इस्पात लि0 आज भारतीय निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी बन गई है। क्योंकि कामधेनु ने हमेशा ही समय की जरूरत को पहचाना है और सपनों को सच करने के लिये प्रयास किये हैं। आज भारत में तेज औद्योगिकीकरण का माहौल बन रहा है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को विकास की बुलंदियों पर ले जाने के सपने के साथ **मेक इन इंडिया** अभियान की शुरूआत की है।

कामधेनु इस्पात लि0 के निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल भी वैश्विक अर्थव्यवस्था व बाज़ार की गहरी समझ रखते हैं। 30 वर्षों से भी अधिक के समृद्ध अनुभव और विशेषज्ञता ने श्री सुनील अग्रवाल को औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित नीति व निर्णयों का प्रभावी मूल्यांकन कर पाने की जबरदस्त क्षमता दी है। मेक इन इंडिया अभियान का विश्लेषण करते हुये श्री अग्रवाल ने कहा कि, ''हाल के वर्षों तक भारत में सर्विस इंडस्टीज पर अधिक जोर दिया जा रहा था, जिससे देश के चंद बड़े शहरों तक ही आर्थिक विकास पहुँच पाया था। **मेक इन इंडिया** के तहत मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा मिलने से भारत के कोने–कोने तक विकास का असर पहुँचेगा। देश के कोने–कोने में उत्पादन से जुड़ी हर छोटी–बड़ी कंपनियों के लिये यह सपना एक अवसर है। हर कंपनी इस सपने को अपना बनाते हुये तरक्की की मंज़िल पा सकती है।''

कामधेनु इस्पात लि0 ने भारत के कई राज्यों में ब्राण्ड कामधेनु को विस्तार देते हुये स्थानीय उद्योगपतियों को कंपनी के साथ जोड़ा है और औद्योगिक ईकाइयों को बेहतर तकनीकी व उत्पादन क्षमता देते हुये भारतीय इस्पात उत्पादन को बढ़ावा दिया है, जिससे ये कंपनियां तेज़ गति से तरक्की कर पायी हैं। आज कंपनी भारतीय बाज़ार में टीएमटी सरिया की सबसे बड़ी निर्माता कंपनियों में शामिल हैं और नये और कुशल उद्योगपतियों को हर संभव सहायता देते हुये भारत में उत्पादन को लगातार ऊपर ले जाने की दिशा में अग्रसर है।


कामधेनु के प्रयासों पर रोशनी डालते हुये श्री सुनील अग्रवाल ने बताया कि, ''भारत में औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को गति देने के लिये नई कंपनियों की क्षमता बढ़ाना और उन्हें सहायता देना जरूरी है। कामधेनु तकनीकी या मार्केटिंग की समस्या से जूझ रही किसी भी कंपनी को उत्पादन से संबंधित जानकारी, प्रशिक्षण और अन्य सहायता देने को हमेशा तैयार है। कामधेनु का प्रयास है कि भारत की छोटी–बड़ी कंपनियाँ भारत में उपलब्ध अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें।''

> **“भारत या विदेशो में निर्माण क्षेत्र से जुड़ी हुई कोई भी कंपनी अगर संसाधन या सहायता के लिये हमसे संपर्क करती है तो उसका स्वागत है। मैं देश भर में फैले अपने अधिकारियों और चैनल पार्टनर्स को अपील करना चाहूँगा कि वे ऐसे उद्योगपति को कंपनी तक पहुँच बनाने में हर संभव सहायता करें। हमारे अधिकारी, डीलर या डिस्ट्रीब्यूटर यदि किसी कंपनी का ऐसा कोई प्रोजेक्ट कामधेनु के पास लाने में अपनी भूमिका निभाते हैं तो इसका फायदा न सिर्फ अर्थव्यवस्था को होगा बल्कि हमें और आपको भी होगा।”**

निर्माण क्षेत्र के सबसे प्रभावी ब्राण्डों में शामिल, कामधेनु उत्पादों का देश भर में मज़बूत डीलर नेटवर्क मौजूद है। बेहतरीन गुणवत्ता और बेहतर बाज़ार प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण बन चुकी कामधेनु, फ्रैंचाइजी बिजनेस मॉडल सरीखे क्रांतिकारी बाज़ार नीतियों और आविष्कारी तकनीकों का उपयोग करते हुये भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में महत्वपूर्ण योगदान करती आ रही है। भारत की एक महत्वपूर्ण मार्केटिंग एवं ब्रैण्डिंग कंपनी के रूप में सफलता पाते हुये कामधेनु ने अपने उत्पाद श्रृंखला में विस्तार की दूरगामी योजना बनाई है। इसी कड़ी में पेश हुई कामधेनु मेटल रूफिंग शीट्स की उत्कृष्ट रेंज ने बाज़ार में अच्छी पकड़ बना ली है। भारत में आ रही मैन्यूफैक्चरिंग क्रांति का पूर्ण लाभ लेते हुये कंपनी निर्माण क्षेत्र से जुडे कई अन्य उत्पादों के साथ भारतीय एवं विश्व उपभोक्ताओं तक पहुचने की तैयारी में है।

श्री सुनील अग्रवाल ने **मेक इन इंडिया** अभियान के प्रति कामधेनु की प्रतिबद्धता पर जोर डालते हुये कहा, ''राष्ट्र निर्माण के लिये एक समर्पित एवं संकल्पित कंपनी के रूप में कामधेनु इस्पात लि0 देश में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को मज़बूत करने की दिशा में हर संभव योगदान देने के लिये प्रस्तुत है।''

# दिल्ली चुनाव में आप को प्रचंड बहुमत



2015 का दिल्ली विधानसभा चुनाव कई अर्थों में ऐतिहासिक चुनाव रहा है। पिछले साल केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद से राष्ट्रपति शासन के में चल रही दिल्ली की जनता ने चुनाव में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। अचानक घोषित हुई भाजपा की मुख्यमंत्री उम्मीदवार किरण बेदी और भूतपूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल के बीच चुनाव के विकल्प में जनता ने एकतरफा फैसला सुना दिया।

दिल्ली में पार्टियों के लिए मतदान प्रतिशत चौंकाने वाले रहे। आप को इस बार 54.3 फीसदी वोट मिले। यानि आप को कुल 4840860 लोगों ने वोट किया। भाजपा को 32.2 प्रतिशत मतदान हुए। यानि भाजपा को 2869038 वोट मिले। पिछले चुनाव में करीब 25 प्रतिशत वोट पाने वाली कांग्रेस को इस बार महज 9.7 फीसदी ही मत मिले। कांग्रेस के लिए कुल 864911 लोगों ने वोट दिया। वहीं, बसपा को 1.3 फीसदी, इनलो को 0.6 फीसदी एवं निर्दलीय उम्मीदवारों को 0.5 फीसदी, वोट मिले। लेकिन इसके बावजूद नोटा पर 0.4 फीसदी यानि 35749 वोट पड़े।

कुल मिलाकर दिल्ली में मतो का जबरदस्त ध्रुवीकरण हुआ और आप ने 70 में से 67 सीटों पर जीत दर्ज किया है वहीं भाजपा के हाथ सिर्फ 3 सीटें लगी हैं। इस जबरदस्त जनसर्मथन के बाद श्री केजरीवाल को जनआकांक्षाओं पर खरा उतरने की बड़ी चुनौती है। वहीं भारत भर के लोगों की दृष्टि आज राजधानी दिल्ली की वर्तमान सरकार पर है।

## पाकिस्तान विजय के साथ विश्वकप की शुरूआत

चार साल में एक बार खेला जाने वाला क्रिकेट की दुनिया का सबसे बड़ा टूर्नामेंट शुरू हो चुका है। क्रिकेट विश्व कप के अपने पहले मैच में भारत ने पाकिस्तान को 76 रन से हरा दिया। वनडे वर्ल्ड कप में यह छठा मौका था जब दोनों टीमों में भिड़ंत हुई और हर बार भारत का पलड़ा भारी रहा।

भारत की इस जीत में दो साझेदारियों (शिखर और विराट के बीच 129 रन, विराट और रैना के बीच 110 रन) ने अहम भूमिका निभाई। कुछ दिनों से आउट ऑफ फार्म चल रहे विराट कोहली ने मैच में बनडे कैरियर का अपना 22वों शतक लगा कर भारतीय फैंस के खेमें में खुशी की लहर फैलर दी है। सुरेश रैना ने क्रीज पर आते ही पाकिस्तानी बोलर्स पर अटैक करना शुरू कर दिया था। मिडिल ओवर्स में खेली गई 56 बॉल में 74 रन की उनकी पारी ने पाकिस्तानी गेंदबाजों का मनोबल तोड़ कर रख दिया था। इन साझेदारियों की बदौलत ही भारत अंतिम 5 ओवरों में विकेटों की झड़ी लगने के बावजूद 300 रन के स्कोर तक पहुंचने में सफल रहा। भारत का सबसे कमजोर पक्ष उसकी बोलिंग ही दिखती है, लेकिन इस मैच में भारतीय गेंदबाजों ने भी कमाल की गेंदबाजी की।

अच्छी शुरूआत को आधी सफलता माना जाता है। इस लिहाज से भारत वर्ल्ड कप के लिये अपनी मज़बूत दावेदारी पेश करता हुआ दिख रहा है। आने वाले मैचों में अगर भारतीय टीम अपने इस प्रदर्शन को दुहरा पाई तो लगातार दो बार कप जीत कर टीम इतिहास बना पायेगी।



## बजट से एक्साइज ड्यूटी में राहत मिलने की उम्मीद

मोदी सरकार इस बात का संकेत दे चुकी है कि बजट में मेक इन इंडिया कॉन्सेप्ट पर फोकस रखा जाएगा। यही कारण है कि सरकार इस बार एक्साइज ड्यूटी को लेकर काफी राहत दे सकती है, ताकि भारत में उत्पादन करने में विदेशी या देशी कंपनियों को परेशानी न हो और कम एक्साइज ड्यूटी का लाभ उठाते हुए इकॉनमी और मार्केट को लाभ पहुंचाए।

सरकार इस बार सर्विस टैक्स की दरों में कटौती कर सकती है। साथ ही सर्विस टैक्स पर लग रहे एजुकेशन सेस को भी हटाया जा सकता है। इससे सरकार को ज्यादा फायदा नहीं हो रहा है। इस सेस के चलते सर्विस टैक्स 12.36 प्रतिशत हो गया है। कुल सर्विस टैक्स पर 0.36 प्रतिशत ही सेस लगता है। स्वाभाविक है कि इसका लाभ आम जनता को मिलेगा। कुछ सर्विस यानी सेवाएं सस्ती हो जाएंगी और कुछ सामान सस्ते हो जाएंगे।

अप्रैल–2016 से गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) लागू हो सकता है। सरकार जीएसटी की दर 16 से 17 पर्सेंट तक रखना चाहती है जबकि राज्य 20 से 24 पर्सेंट पर अड़े हैं। सरकार के लिए जरूरी है कि वह सर्विस टैक्स और एक्साइज ड्यूटी की दरों को इतना तर्कसंगत बना दे, जिससे जीएसटी की दर 16 या 17 पर्सेंट करने में परेशानी न हो। जहां तक इंपोर्ट, एसटीटी और कैपिटल गेन की बात है तो सरकार छेड़छाड़ नहीं करेगी। इंपोर्ट का बिल कम हो रहा है, जिससे पूरा फोकस एक्सपोर्ट पर रहेगा। ऐसे में एक्साइज ड्यूटी घटाने से फायदा होगा। पीएम और वित्त मंत्री अरुण जेटली कह चुके हैं कि इनडायरेक्ट टैक्स का कलेक्शन उम्मीद के अनुसार नहीं है। इसलिए शेयर मार्केट या इंपोर्टर्स को छूट नहीं मिलने वाली।

KAMDHENU STEEL

ने प्रायोजित किया

# LQA LIVE QUOTIENT AWARDS '15




लाइव कोशिएण्ट एवार्ड (LQA) भारतीय लाइव इंटरटेनमेंट जगत के कलाकारों और सितारों के टैलेन्ट को सम्मानित करने का एक अनोखा मंच है। देश भर में संगीत, नृत्य, कॉमेडी और ऐंकरिंग जैसे लाइव परफारमेंस से जुड़े कलाकार और उनके करोड़ो फैन्स हर साल बेसब्री से LQ एवार्ड की घोषणा का इंतजार करते हैं। मनोरंजन जगत के 100 से भी अधिक वरिष्ठ कलाकार विजेताओं के चयन की प्रक्रिया में शामिल होते हैं और हर साल बड़ी ही पारदर्शिता और विश्वसनीयता से ये एवार्ड प्रदान किये जाते हैं।

कामधेनु इस्पात लि0 सच्चे अर्थों में एक जीवंत और ऊर्जावान कंपनी के रूप में देश की महत्वपूर्ण गतिविधियों से जुड़ने में हमेशा ही सक्रियता दिखाती रही है। मनोरंजन जगत के गंभीर और प्रतिष्ठित प्रयासों को सहयोग देने की अपनी परंपरा के अनुसार, कामधेनु इस्पात लि0 ने मुख्य प्रायोजक रूप में हालिया आयोजित LQA 2015 को समर्थन दिया है। 14 जनवरी को नितेश कुंज, राष्ट्रीय राजमार्ग 8, नई दिल्ली में इस भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

नामी–गिरामी कलाकारों ओर सितारों से से सजे रंगारंग एवार्ड समारोह में कामधेनु इस्पात लि0 के सीएमडी श्री सतीश कुमार अग्रवाल एवं कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल तथा श्री सचिन अग्रवाल शामिल हुये और अनेक विजेताओं कलाकारों को उन्होंने अपने हाथों से एवार्ड भेंट किया। समारोह में मनोरंजन जगत के 1000 से अधिक लोकप्रिय कलाकार मौजूद थे।

कामधेनु इस्पात लि0 के सीएमडी श्री सतीश कुमार अग्रवाल ने ख्यातिप्राप्त कलाकार शिवमाणि को बेस्ट इंसट्रूमेंटल एक्ट के लिये एवार्ड प्रदान किया। उन्होंने बेस्ट डांस ट्रूप/कोरियोग्राफर का एवार्ड ''द शायमक डावर डांस कंपनी'' को प्रदान किया। कामधेनु इस्पात लि0 के निदेशकों को भी विजेता कलाकारों को एवार्ड प्रदान करने हेतु मंच पर आमंत्रित किया गया।

LQA समारोह के दौरान कई श्रेणियों के अंतर्गत एवार्ड की घोषणा हुई, विजेताओं में बेस्ट एंकर – मीडिया पर्सनालिटी (फीमेल) मिनी माथुर, बेस्ट एंकर – मीडिया पर्सनालिटी (मेल) मनीश पॉल, बेस्ट बैंड – इंडियन ओशन, बेस्ट डांस एक्ट – बैड सालसा ग्रुप, बेस्ट डांस परफार्मर – मीडिया पर्सनालिटी (मेल) टेरेन्स लेविस, बेस्ट डीजे; बॉलीवुड/कार्मशियलद्ध डीजे सुकेतु जैसे प्रसिद्ध कलाकार शामिल रहे।

इस साल का बेस्ट स्टैण्ड अप/कॉमिक एक्ट का एवार्ड वीर दास को मिला, जबकि गायक व संगीतकार अदनान सामी 2015 के लाइव लीजेंड घोषित किये गये। समारोह में गायिका रिचा शर्मा के बॉलीवुड में 20 वर्ष पूरा होने का जश्न भी मनाया गया और उन्होंने मंच पर आकर अपनी मखमली आवाज में संगीत का ऐसा समों बॉधा कि उपस्थित लोग झूम उठे। यह समारोह जूम चैनल पर 7 फरवरी, 2015 शनिवार की शाम प्रसारित किया गया जिसका देश भर के दर्शकों ने आनंद उठाया। कार्यक्रम की लोकप्रियता का देख कर चैनल ने 8 फरवरी, रविवार को इसका दुबारा प्रसारण किया।










## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री अर्जुन कुमार साहू
**मेसर्स ओम साई ट्रेडर्स**
मैन रोड, केशपुर,
गनजम–761030
मोबाइल – 09937152215

श्री हितेश भाई पटेल
**मेसर्स जय श्री खोडियार**
डायमण्ड नगर बस स्टैण्ड के सामने
सूरत–केमरेज रोड, लसकना, सूरत
मोबाइल – 09925038030

श्री राजेशभाई
**मेसर्स श्री रामकृष्णा हार्डवेयर**
गोंडल, राजकोट
गुजरात
मोबाइल – 09825031476

# राजस्थान में छाया KAMDHENU SS 10000







भारत की सबसे बड़ी टीएमटी सरिया निर्माता कंपनी, कामधेनु इस्पात लिमिटेड का नवीनतम प्रीमियम उत्पाद KAMDHENU SS 10000 भारत में अपनी तरह का एकमात्र उत्पाद है जिसमें आविष्कारी डबल रिब्स है जिससे डबल मजबूती और डबल सुरक्षा मिलती है। भारत की बड़ी इंजीनियरिंग संस्था आई आई टी द्वारा किये गये प्रयोगों में पाया गया कि KAMDHENU SS 10000 कंक्रीट को साधारण सरिये के मुकाबले 254 प्रतिशत अधिक मजबूत पकड़ देने में सक्षम है। जबरदस्त मजबूती होने के साथ ही KAMDHENU SS 10000 कंक्रीट के साथ अनोखी इंटरलॉकिंग पकड़ बनाती है जिससे इमारतों को भूकंप से मुकाबला करने की जबर्दस्त ताकत मिल जाती है।

राजस्थान में KAMDHENU SS 10000 की मॉग लगातार बढ़ रही है। सुरक्षित निर्माण की गारंटी KAMDHENU SS 10000 को राज्य में और अधिक बढ़ावा देने के लिए हाल ही में कंपनी ने राज्य के विभिन्न ज़िलों में ठेकेदारों और राजमिस्त्रियों की तीन बैठकों का आयोजन किया जिससे कि इस उत्पाद के बारे में जागरूकता बढ़े। 10 से 12 फरवरी 2015 के बीच आयोजित इन बैठकों के सफल आयोजन में राजस्थान में KAMDHENU SS 10000 के सेल्स प्रोमोटर सैटर्न स्टील प्रा0 लि0 ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कंपनी की ओर से श्री मनीश सोनी, मार्केटिंग ऑफिसर एवं श्री विशाल सक्सेना, एक्ज़ेक्यूटिव मार्केटिंग इन तीनों ही मीट में उपस्थित रहे।

पहली मैसन मीट 10 फरवरी को सीकर ज़िले के लक्ष्मणगढ़ में आयोजित की गयी जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय ठेकेदारों और राजमिस्त्रियों ने भाग लिया। लक्ष्मणगढ़ के डीलर मेसर्स पवन कुमार किशोर कुमार ने इस बैठक को आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ज़िले के सम्मानित इंजीनियर श्री भूपेन्द्र सिंह, श्री दुलीचंद जी, फैमिली हेड एवं श्री नंद किशोर सरन, ट्रांसपोर्टर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बने। कामधेनु के मार्केटिंग ऑफिसर श्री एकेश्वर साहू व एक्ज़ेक्यूटिव मार्केटिंग श्री हनी गोपालिया भी बैठक में शामिल हुये। KAMDHENU SS 10000 की खूबियों के बारे में बताते हुये श्री एकेश्वर साहू ने कहा, "KAMDHENU SS 10000 भारत का एकमात्र अधिकृत डबल रिब्स टीएमटी सरिया है जिसे विश्वस्तरीय तकनीक से बनाया गया है।"

11 फरवरी को दूसरी मैसन मीट अलवर ज़िले के बहड़ोर में आयोजित की गयी। डीलर मेसर्स सिंघल आयरन, बहड़ोर की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय ठेकेदारों एवं राजमिस्त्रियों ने उत्साह से भागीदारी की। ज़िले के प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट श्री सुरेश सैनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुये। बैठक के दौरान के KAMDHENU SS 10000 के डबल रिब्स की उपयोगिता बताते हुये श्री मनीष सोनी ने कहा, "KAMDHENU SS 10000 कंक्रीट के साथ दुगुने से भी मजबूत जोड़ बनाता है जिसके पारिणाम स्वरूप निर्माण की मज़बूती कई गुणा बढ़ जाती है।"

भरतपुर ज़िले में 12 फरवरी को तीसरी मैसन मीट आयोजित हुई जिसमें कंपनी के मार्केटिंग ऑफिसर श्री मुकेश शर्मा एवं श्री हर्शेन्द्र दीक्षित भी मौजूद थे। भरतपुर के डीलर मेसर्स महावीर स्टील्स ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अच्छा योगदान दिया। भरतपुर के नामी आर्किटेक्ट श्री राजेश कुमार अग्रवाल तथा श्री नितिन गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में बैठक में हिस्सा लिया। ठेकेदारों व राजमिस्त्रियों से भूकंप के बढ़ते खतरों के बारे में बात करते हुये श्री मुकेश शर्मा ने बताया, "सर्वश्रेष्ठ भूकंप प्रतिरोधक गुणों की वज़ह से KAMDHENU SS 10000 ईमारतों को भूकंप के बड़े झटकों से भी बेहतरीन सुरक्षा देने में सक्षम है।" उत्पाद के निर्माण प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुये श्री हर्शेन्द्र दीक्षित ने बताया, "बेहतरीन रासायनिक और भौतिक गुणों वाला KAMDHENU SS 10000 यूके की अत्याधुनिक तकनीक द्वारा उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले बिलेट से भारतीय मानकों के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार बनाया जाता है।"

इन सभी बैठकों के दौरान उपस्थित ठेकेदारों व राजमिस्त्रियों ने उत्पाद के बारे में उपयोगी सूचना मिलने की खुशी जताई और भविष्य में मज़बूत और भूकंपरोधी ईमारतें बनाने के लिये KAMDHENU SS 10000 का इस्तेमाल करने की इच्छा व्यक्त की।




Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com
Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092